**रेलवे स्टेशनों पर बुक स्टाल खोलने का ठेका**

7905. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) रेलवे स्टेशनो पर बुक स्टाल चलाने के लिए जिन ठेकेदारो को ठेके दिये गये है उनके नाम क्या हैं,

(ख) क्या सरकार को उनके विरुद्ध कोई शिकायते मिली हैं, और

(ग) यदि हा, तो उसका सार क्या है तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया)** (क) से (ग) एक विवरण सलग्न है, जिसमे अपेक्षित सूचना दी गई है। [**ग्रथालय मे रखा गया। देखिये सख्या LT—3110/72**].

**रेलवे स्टेशनों पर नए बुक-स्टाल खोलना**

7906 **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या थोडी पूजी वाले ठेकेदारो अथवा सहकारी समितियो को रेलवे स्टेशनो पर बुक स्टाल खोलने का ठेका देने के बारे मे कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, और

(ख) यदि हा, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

**रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया)** (क) और (ख) रेलो द्वारा आवेदन-पत्र मागे जाने पर, अन्य लोगो के साथ-साथ, यदि सहकारी समितिया/छोटे ठेकेदार भी अपने आवेदन-पत्र भेजते हैं, तो ऐसी सहकारी समितियो और छोटे ठेकेदारों को बुक-स्टाल ठेको का आवेदन करने के प्रश्न पर गुणावगुणो के आधार पर विचार किया जाता है।

**फूलपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण योजना**

7907. **श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह** क्या सिचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने फूलपुर ससदीय क्षेत्र के लिए 16 लाख रुपये की एक ग्रामीण विद्युतीकरण योजना केन्द्र सरकार को भेजी थी, और

(ख) यदि हा, तो इस सम्बन्ध मे केन्द्र सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

**सिचाई और विद्युत मत्रालय मे उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** (क) और (ख). ग्राम विद्युतीकरण निगम, जिसकी स्थापना केन्द्रीय सेक्टर मे 1969 मे की गई थी, राज्य बिजली बोर्डों की ग्राम विद्युतीकरण स्कीमो के कार्यान्वयन के लिए योगात्मक धन देता है। निगम ने इलाहाबाद जिले के फूलपुर और बहादुरपुर खण्डो मे 96 ग्रामो, 426 पम्पसेटो के विद्युतीकरण और 109 लघु और कृषि उद्योगो की विद्युत सप्लाई करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड की एक स्कीम स्वीकृत की है। स्कीम मे 47 11 लाख रुपये की ऋण सहायता परिकल्पित की है। ग्राम विद्युतीकरण निगम के पास इस समय फूलपुर खण्ड की कोई अन्य स्कीम विचाराधीन नही है।

**गोडवा ग्राम मे एक नाले के तटबन्ध का निर्माण**

7908. **श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह** क्या सिचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने फूलपुर संसदीय क्षेत्र मे तहसील हंडिया के गोडवा ग्राम

में एक नाले का तटबन्ध बनाने की कोई योजना बनाई थी;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के सम्बन्ध में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) से (ग) . केन्द्र ने ऐसी कोई स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव नहीं किया था । बहरहाल 1965 में, उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार ने केन्द्रीय सिंचाई और विद्युत मंत्री के सुझाव पर भू-कटाव रोधी उपाय के रूप में हण्डिया तहसील में मुदारी नाले पर एक रोक बांध के निर्माण की एक स्कीम का प्रस्ताव रखा था । परन्तु इसके बाद जब 11·65 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर विस्तृत स्कीम तैयार की गई थी तब राज्य सरकार का यह विचार था कि केवल 80 हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ पहुँचाने के लिए लागत बहुत अधिक है और इसलिए इसे कार्यान्वयन के लिए शुरू नही किया गया था । वैकल्पिक रूप में, राज्य सरकार भू-कटाव को कम करने के लिए नाले के बाह्यक्षेत्र में भू-संरक्षण उपाय कर रही है ।

**Shifting of Headquarters Offices of various Railways to different places**

7909. SHRI NAWAL KISHORE SHARMA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether there is any proposal under the consideration of Government to shift the offices ot various Railway Headquarters from their present locations;

(b) if so, the gist thereof and the reasons for shifting; and

(c) the time by which the shifting will be completed ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

**Steps to Provide Water to Rajasthan Canal Round the Year**

7910. SHRI NAWAL KISHORE SHARMA : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state :

(a) whether Rajasthan Canal is not getting full water from the dams resulting in damage to crops in Rajasthan;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps being taken by Government to provide water to the canal round the year instead of in certain seasons only ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI B. N. KUREEL): (a) to (c). Rajasthan Canal would get regular perennial supplies on completion of Pong Dam the construction of which is still in progress. However, till then the share of Rajasthan in the waters of the rivers, Ravi and Beas depends upon the river flows which vary from time to time and supplies to Rajasthan are being given accordingly. The distribution of this share within the State between Rajasthan Canal and the Gang Canal is, however, done by Rajasthan Government, as considered appropriate. At present indents of Rajasthan Canal are being met in full.

**दक्षिण रेलवे में माल की चोरी**

7911. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्रीमती भार्गवी तनकप्पन :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान दक्षिण रेलवे में कितने माल की चोरी हुई;

(ख) इस बारे में कितने मामले रजिस्टर